## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले की पंचायतों में फैले भ्रष्टाचार पर आखिरकार लोकायुक्त रीवा की टीम ने एक बार फिर बड़ा शिकंजा कसा है। जनपद पंचायत सोहागपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पोंगरी में लोकायुक्त की टीम ने बुधवार को पंचायत सचिव मंगलेश्वर मिश्रा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह राशि नल-जल योजना के भुगतान के बदले मांगी गई थी। जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत पोंगरी के उप सरपंच अमृतलाल यादव ने पंचायत में चल रहे नल-जल योजना के तहत लगभग 2 लाख 37 हजार रुपए के कार्यों का भुगतान कराने आवेदन दिया था, लेकिन सचिव मिश्रा ने भुगतान के बदले 15 हजार रुपए की घूस की मांग की।

उप सरपंच ने तत्काल यह शिकायत लोकायुक्त रीवा से की। शिकायत की पुष्टि होते ही लोकायुक्त की 10 सदस्यीय टीम ने बुधवार दोपहर पंचायत भवन में ट्रैप की कार्रवाई की। जैसे ही सचिव ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। मौके से 15 हजार रुपए की नकद राशि बरामद की गई और आरोपी को हिरासत में लेकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

लोकायुक्त रीवा के इंस्पेक्टर हेतराम मरावी ने बताया कि नल-जल योजना के भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की गई। सचिव को ट्रैप कर गिरफ्तार किया गया है, जांच जारी है, लेकिन इस कार्रवाई के बाद भी जिला प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है। लोकायुक्त ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार का सबूत दे दिया, फिर भी न तो जनपद सीईओ ने निलंबन की कार्रवाई की और न ही कलेक्टर कार्यालय से कोई आदेश जारी हुआ। दरअसल जिले की ग्राम पंचायतें भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुकी हैं। बीते माह गोहपारू जनपद में ड्राईफ्रूट और लक्जरी सामग्रियों के फर्जी बिलों का मामला सामने आया था, लेकिन जांच और कार्रवाई के नाम पर सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। नतीजा यह हुआ कि सचिवों और पंचायतकर्मियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे जनप्रतिनिधियों से भी खुलेआम रिश्वत मांगने लगे हैं। सबसे मजेदार बात यह है कि अब अगर प्रशासन से सवाल पूछा जाए, तो शायद वही पुराना बहाना सुनने को मिले, एआई के तहत रिश्वत की मांग की गई थी।

### छात्रावासों, आश्रमों में आयोजित किए जाएंगे छात्रावास दिवस कार्यक्रम

**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 01 नवम्बर को जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में छात्रावास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्रावास एवं आश्रम की पालक समितियों के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनन्द राय सिन्हा ने बताया कि छात्रावास दिवस के अवसर पर छात्रावासों में शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया जाएगा। छात्रावास का वार्षिक प्रतिवेदन एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा। छात्रावास दिवस के आयोजन के पूर्व छात्रावास परिसर की साफ-सफाई रंगाई पुताई एवं आवश्यक मरम्मत के कार्य पूर्ण कराने के निर्देश छात्रावास अधीक्षकों को दिए गए हैं। उनसे यह भी कहा गया है कि छात्रावास परिसरों का सौंदर्यीकरण करने हेतु व्यवस्थित पौधरोपण क्यारियों का निर्माण भी किया जाए। प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त स्तर सामग्री क्रय करने हेतु विद्यार्थी को शासन के निर्देशानुसार राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे विद्यार्थी स्वयं विस्तर सामाग्री क्रय कर सकेंगे। छात्रावास दिवस के आयोजन हेतु जिले में संचालित 106 छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जो वहां उपस्थित रहकर सम्पूर्ण गतिविधियों का संचालन कराएंगे तथा कार्यक्रम आयोजन का प्रतिवेदन 5 नवम्बर तक सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराएंगे।

## अघोषित जाम से जनता परेशान, प्रशासन मौन

# सड़क पर हर दिन 'विशाल' का 'मेगा जाम'







### विशाल मेगा मार्ट बना शहर की सुंदरता पर 'मानव ग्रहण'

**शहडोल। शहर में जहां एक ओर नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर शहर को सुंदर और सुगम बनाने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बुढ़ार रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट के सामने अघोषित मेगा जाम ने इस मुहिम को चुनौती दे दी है। प्रतिदिन लाखों का कारोबार करने वाला यह प्रतिष्ठान न केवल सडक़ की आधी जगह घेर चुका है, बल्कि यातायात व्यवस्था को भी पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है।**

संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका द्वारा राजेंद्र टॉकीज से शुरू की गई अतिक्रमण विरोधी मुहीम का उद्देश्य शहर की सडक़ों को चौड़ा, सुंदर और सुगम बनाना था। बुधवार को शुरू हुआ यह अभियान दिनभर जोश में चला, लेकिन अगले ही दिन उसकी रफ्तार थम गई। शहर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र विशाल मेगा मार्ट, जहां फुटपाथ से लेकर आधी सडक़ तक दुकानों के सामने ग्राहकों के वाहन खड़े रहते हैं। इस इलाके में दिनभर यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर पालिका के सारे दावे इस जाम में फंसकर रह गए हैं और शहरवासी रोजाना इस अराजकता का शिकार हो रहे हैं।

### मेगा मार्ट के सामने अघोषित जाम

शहर के सबसे व्यस्त बुढ़ार रोड पर स्थित विशाल मेगा मार्ट के सामने का नजारा किसी मेले से कम नहीं दिखता। सुबह से रात तक फुटपाथ पर ठेले और दुकानों की सजावट के कारण लोगों के पैदल चलने की जगह नहीं बचती। वाहनों की पार्किंग आधी सडक़ तक फैली हुई है, जिससे जाम की स्थिति हर समय बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका जहां छोटे ठेलेवालों और गरीब दुकानदारों को हटा रही है, वहीं बड़े प्रतिष्ठान और मॉल संचालकों पर कार्रवाई करने से कतरा रही है। विशाल मेगा मार्ट के सामने की सडक़ प्रशासनिक मंशा पर सीधा सवाल खड़ा कर रही है।

### 'व्यापारी अपनी हद में रहें'

नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने कहा कि सरकार की मंशा शहर को सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने की है। उन्होंने कहा कई लोगों ने एक-एक व्यक्ति के नाम पर 10-10 ठेले तक लगा रखे हैं और फुटपाथों को किराए पर दे दिया गया है, यह बंद होगा। लेकिन बड़ी दुकानों को भी नियमों का पालन करना होगा। श्री जायसवाल ने संकेत दिया कि अब ऐसी व्यावसायिक इकाइयों पर भी कार्रवाई होगी जो बिना पार्किंग और नियमानुसार स्वीकृति के संचालित हो रही हैं।

### पार्किंग शून्य, फुटपाथ गायब

शहर के जानकार बताते हैं कि जिस भवन में विशाल मेगा मार्ट संचालित है, वह टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के अनुरूप नहीं बना है। भवन से बाहर निकलते ही नगर पालिका की भूमि और फुटपाथ शुरू हो जाता है। ग्राहकों के वाहनों के लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। नतीजा यह कि सडक़ पर ही मोटरसाइकिल और चारपहिया वाहन खड़े रहते हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को स्वीकृति देने से पहले नगर पालिका, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और नगरीय प्रशासन विभाग को पार्किंग, प्रवेश-निकास, सडक़ चौड़ाई और सुरक्षा मानकों का परीक्षण करना चाहिए था, जो यहां साफ तौर पर नहीं हुआ।

### व्यापारी संघ की अपील और प्रशासन की चुप्पी

व्यापारी संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने अपील की है कि सभी व्यापारी सामान दुकान के भीतर रखें और फुटपाथ को खाली करें। उन्होंने छोटे ठेला और फुटकर व्यापारियों के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने की भी मांग की है। हालांकि नगर पालिका ने व्यापारी संघ की इस अपील के बाद गुरुवार को अपना अतिक्रमण विरोधी अभियान अस्थायी रूप से रोक दिया है, जिससे साफ है कि बड़े प्रतिष्ठानों के सामने प्रशासनिक दबाव या उदासीनता काम कर रही है। बुढ़ार रोड पर विशाल मेगा मार्ट के सामने वाहनों की भीड़ और पैदल चालकों की जद्दोजहद से आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह मार्ग किसी खतरे से कम नहीं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद न तो नगर पालिका और न ही यातायात पुलिस ने ठोस कदम उठाया है।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने जिला प्रशासन, नगर पालिका, यातायात पुलिस और कोतवाली पुलिस से अपील की है कि विशाल मेगा मार्ट के संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जब तक वहां से अतिक्रमण पूरी तरह नहीं हटाया जाता और पार्किंग व्यवस्था नहीं बनती, तब तक प्रतिष्ठान को अस्थायी रूप से बंद किया जाए। शहर की सुंदरता, सुगमता और यातायात की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि प्रशासन निष्पक्ष होकर छोटे-बड़े सभी अतिक्रमणकारियों पर समान रूप से कार्रवाई करे।

## बारिश में भीगते रहे मासूम, शिक्षक के इंतज़ार में भीगा भविष्य

### ग्राम पंचायत सेमरा का मामला, स्कूल बंद, बच्चों का इंतज़ार बेकार

**शहडोल। जिला शिक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही और शिक्षकों की मनमानी का नजारा तब देखने को मिला जब ग्राम पंचायत सेमरा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के गेट पर दर्जनों मासूम बच्चे घंटों बारिश में भीगते रहे, लेकिन स्कूल का ताला नहीं खुला।**



जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह बच्चे रोज़ की तरह समय पर स्कूल पहुंचे, लेकिन गेट बंद मिला। कुछ देर तक बच्चों ने इंतज़ार किया, फिर बारिश तेज़ हो गई। बच्चों ने बैग सिर पर रखकर भीगते हुए घंटों शिक्षक के आने की उम्मीद की, पर स्कूल का गेट नहीं खुला। अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ वहां डटे रहे, पर किसी जिम्मेदार का अता-पता नहीं था। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक रामलखन गुप्ता का देर से आने का यह कोई नया मामला नहीं है। अक्सर वह समय पर स्कूल नहीं पहुंचते, जिसके कारण बच्चे रोजाना घंटों बाहर खड़े रहते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चों की यह हालत देखकर ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच मनोज बैगा और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को भेजी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षक की लापरवाही और गैरजिम्मेदारी के चलते बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। एक अभिभावक ने गुस्से में कहा कि स्कूल जो शिक्षा का मंदिर होना चाहिए, अब ताले और इंतजार का प्रतीक बन गया है, बारिश में भीगते हुए बच्चों को देखकर उनका दिल दहल गया। सरकारी स्कूल में पढ़ाई नहीं, इंतजार सिखाया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि ऐसे लापरवाह शिक्षकों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी भी बच्चे को इस तरह की स्थिति का सामना न करना पड़े। यह घटना केवल एक स्कूल की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की तस्वीर है, जो शिक्षा के नाम पर सिर्फ योजनाएं गिनाती है, लेकिन जमीनी हकीकत में मासूम बच्चे ताले के बाहर बारिश में भीगते हुए अपने भविष्य का इंतजार करते हैं।

## मजिस्ट्रेट के सरकारी आवास से लाखों के गहने पार

### जयसिंहनगर पुलिस पर उठे सवाल, सुरक्षा व्यवस्था फेल

**शहडोल।** जिले में कानून व्यवस्था की पोल खोलने वाली एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे पुलिस महकमे को हिलाकर रख दिया है। जयसिंहनगर में पदस्थ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के सरकारी आवास में दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोर घर का ताला तोडक़र लाखों के सोने-चांदी के जेवर और कीमती सामान लेकर फरार हो गए, जबकि वारदात के वक्त पुलिस चौकियों से चंद कदमों की दूरी पर यह इलाका पूरी तरह सुरक्षित क्षेत्र घोषित है। जानकारी के मुताबिक, मजिस्ट्रेट रोज की तरह सुबह ड्यूटी पर गई थीं। कुछ घंटे बाद जब घरेलू सहायिका घर पहुंची, तो मुख्य दरवाज़े का ताला टूटा मिला। सूचना पर मजिस्ट्रेट तुरंत लौटीं तो, देखा कि घर का हर कोना अस्त-व्यस्त पड़ा था, अलमारियां खुली थीं और सोने का ब्रेसलेट, झुमके व चांदी के गहने गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और एफएसएल टीम ने जांच शुरू की, वहीं सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि दिनदहाड़े न्यायिक अधिकारी के घर में चोरी कैसे हो गई, जबकि थाना महज कुछ ही दूरी पर है?



यह वारदात न केवल जयसिंहनगर पुलिस की नाकामी को उजागर करती है, बल्कि पूरे जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। अगर मजिस्ट्रेट का आवास तक सुरक्षित नहीं, तो आम नागरिकों की संपत्ति और जान की हिफाज़त कौन करेगा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और तस्करी की घटनाओं पर पुलिस सिर्फ बयानबाजी तक सीमित है, जबकि अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं। यह घटना पुलिस की रात-दिन गश्त के दावों को कटघरे में खड़ा करती है।

### इनका कहना है...

राजेश कुमार तिवारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस टीम ने इलाके की नाकेबंदी कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

**अभिषेक दीवान**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहडोल**

## पीडब्ल्यूडी आवास भूमि पर पंकज इलेक्ट्रॉनिक्स का कब्जा बरकरार

### आखिर किसकी शह पर हो रहा है सरकारी भूमि पर कब्जा

**शहडोल। सरकारी भूमि पर खुलेआम कब्जा कर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, लेकिन प्रशासनिक तंत्र अब तक मौन है। मामला जयसिंहनगर बस स्टैंड स्थित जनकपुर रोड का है, जहां पंकज इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स एंड फर्नीचर के नाम से चल रही दुकान पीडब्ल्यूडी आवास की राजस्व आवंटित भूमि पर निर्मित बताई जा रही है। आवासीय भूमि को तोडक़र व्यावसायिक उपयोग में लाना न केवल नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि न्यायालय को गुमराह करने का गंभीर मामला भी बनता है।**

जानकारी के अनुसार पूर्व पार्षद जयप्रकाश पाण्डेय ने 03 सितंबर को आयुक्त को शिकायत दी थी, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित उक्त भूमि मूलतः पीडब्ल्यूडी आवासीय प्रयोजन की थी। जिला प्रशासन के 13 अप्रैल 2018 आदेश के तहत खसरा क्रमांक 646/1 की उक्त भूमि नगर परिषद जयसिंहनगर को इस शर्त पर सौंपी थी कि इसका उपयोग केवल ठेला-व्यवसायियों के लिए शेड निर्माण या सार्वजनिक प्रयोजन में किया जा सके।

शिकायत में यह भी उल्लेखित है कि कब्जाधारी ने इस भूमि पर निर्माण को लेकर हाईकोर्ट में रिट-पिटीशन 03 अक्टूबर 2024 दायर करते हुए भवन को 'आवासीय निर्माण' बताया था, जबकि वास्तविकता में वहां कमर्शियल दुकान संचालित की जा रही है। इस प्रकार न्यायालय को भ्रमित कर शासकीय भूमि पर स्थायी व्यावसायिक निर्माण कर लिया गया।


नगर परिषद जयसिंहनगर ने इस मामले में 06 अक्टूबर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के हस्ताक्षर से कब्जाधारी कुंजबिहारी गुप्ता को नोटिस जारी कर 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि ऐसा न करने पर बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी, व्यय वसूला जाएगा और न्यायालयीन प्रकरण भी दर्ज होगा। प्रतिलिपि कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी को भी भेजी गई थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी कार्रवाई का अभाव प्रशासन की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। न तो नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की हिम्मत दिखाई, न ही राजस्व और पुलिस विभाग ने कोई ठोस पहल की। इस बीच सरकारी भूमि पर बना व्यावसायिक प्रतिष्ठान यथावत संचालित है, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि मामला प्रभावशाली व्यक्ति या तंत्र के संरक्षण में पल रहा है।

पूर्व पार्षद जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यह सिर्फ अतिक्रमण नहीं बल्कि सरकारी भूमि की खुली लूट है। उन्होंने मांग की है कि संभाग आयुक्त स्वयं संज्ञान लेकर तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें और न्यायालय को गुमराह करने वाले तथ्यों पर भी जांच शुरू की जाए।

## लौह पुरुष जयंती पर आज धूमधाम से निकाली जाएगी रैली

### सरदार पटेल स्मारक संस्थान शहडोल द्वारा भव्य समारोह और सभा का आयोजन






**शहडोल।** राष्ट्रीय एकता दिवस और भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज जिला मुख्यालय में भव्य आयोजन किया जा रहा है। सरदार पटेल स्मारक संस्थान शहडोल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश की एकता, अखंडता और किसानों के उत्थान में सरदार पटेल के योगदान को स्मरण किया जाएगा। संस्थान के संरक्षक शिवकुमार पटेल ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमामय तरीके से किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वाहन रैली होगी, जो आज प्रातः 10 बजे छोटेलाल पटेल छात्रावास से प्रारंभ होकर बाणगंगा मेला मैदान चौराहा, जयस्तंभ, अंबेडकर चौक, गांधी चौक, बुढार चौक, नया बस स्टैंड होते हुए कोतमा तिराहा पहुंचेगी। यहां सरदार पटेल की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात रैली पुनः छात्रावास पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधावती पटेल (पूर्व विधायक, गुड़, जिला रीवा) उपस्थित रहेंगी, जबकि अध्यक्षता अनुजा पटेल (अध्यक्ष, जिला पंचायत उमरिया) करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. जी.डी. सिंह, प्रो. वी.पी. पटेल, एम.पी. सिंह, विपिन पटेल, पलकिता पटेल, शिवकुमार पटेल, विवेक पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, पी.के. लगरखा, अनुराग पटेल, रामनजन पटेल और आर.एस. पटेल सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे।

आयोजन समिति में विशेष रूप से आर.के. पटेल (अध्यक्ष), एम.पी. पटेल (सचिव), डॉ. सिद्धार्थ सिंह, निशांत पटेल, दीपक सिंह, प्रदीप पटेल और अजय पटेल आयोजन व्यवस्था संभालेंगे। शिवकुमार पटेल ने जिले के नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं और पत्रकार बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लौहपुरुष सरदार पटेल के आदर्शों को नमन करें और एकता, समरसता तथा राष्ट्रनिर्माण के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को संभागीय मुख्यालय के अशोका पैलेस में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत में निर्देश दिए की मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल में रंगोली, विकास प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर प्रमुख द्वार पर आकर्षक प्रवेश द्वार बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन अजय सिंह, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि 31 अक्टूबर 2025 को स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाना है। इस अवसर पर जिले के समस्त पुलिस स्टेशनो में शुभारंभ समारोह, एकता वृक्षारोपण (एकता वृक्ष अभियान) का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा है कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए ।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रत्येक थानों में आयोजित होगी एकता दौड़

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रातः 08.00 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रत्येक पुलिस थानों में एकता दौड़ का आयोजन किया गया है। एकता दौड़ के दौरान चौराहों एवं तिराहों पर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर सभी को एकत्रित कर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। दौड़ में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक युवा, खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एडी कैडेट सृजन समूह की बालिकाएँ, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी एवं विसबल वाहिनियों के पुलिस कर्मी अधिक से अधिक मात्रा में भाग लें सकेंगे। स दौड़ का रूट लगभग 03 किलोमीटर रखा गया है तथा तय किए गए रूट पर प्रतिभागियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाये और रूट को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा। पीने के पानी, ग्लूकोज, फर्स्ट एण्ड बॉक्स और यदि उपलब्ध हो तो एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की जायेगी।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर लगाई जाएगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर से 3 नवंबर तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी । उन्होने बताया कि प्रदर्शनी में सूक्ष्म लघु एवं मध्यंम उद्यम विभाग, नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, आत्मा परियोजना विभाग, वन विभाग, जन जातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल निगम , उद्यानिकी विभाग तथा मप्र डे राज्यय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग व्दारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी । यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत करकेली में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियन के तहत शासकीय कन्या हाई स्कूल करकेली में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बालिकाओ को हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 181 की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह नही करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक पुष्पा हरिजन, ब्लाक समन्वयक सचिन मिश्रा, वन स्टॉप सेंटर से अनीत चौरसिया सहित स्कूल के शिक्षक , शिक्षिकाए एवं बालिकाएं उपस्थित रहे।

### भालुओं के आहट से दहशत मे स्थानीय रहवासी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोयलांचल क्षेत्र के नगर परिषद डोला के वार्ड नंबर 12 और जमुना कालरी में बीते कई महीनों से भालुओं को देखा जा रहा है। इससे स्थानीय रहवासियों में लगातार दहशत का माहौल बना हुआ है। भालुओं ने अब तक कई लोगों पर हमला भी किया है। ग्रामीणों और वार्ड पार्षद द्वारा इसकी शिकायत कई बार वन विभाग को दी जा चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जब विभाग को सूचित किया जाता है, तो उनका कहना होता है कि भालू छत्तीसगढ़ का है और उस दिशा में चला जाता है, इसलिए वे उसे पकड़ नहीं पा रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि वन विभाग इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। गुरुवार को एक बार फिर डोला में भालू देखे गए हैं, वहीं जमुना कॉलरी में भी भालू बार-बार रहवासी इलाकों में विचरण कर रहा है।

---

## स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे फर्जी पैथोलॉजी का साम्राज्य

# भगवान भरोसे मरीजों की जिंदगी

### नियमों को ताक पर रखकर चल रहीं लैबें

### किराए की डिग्री पर खुला खेल— सरकारी तंत्र मौन

**मानपुर।**




स्वास्थ्य ढांचा अब रस्म अदायगी तक सीमित हो चुका है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज ठप्प है, डॉक्टर कागज़ों में हैं और मरीजों की जान अब पूरी तरह भगवान के रहमों करम पर निर्भर है। लेकिन असली खतरा सरकारी अस्पतालों से भी बड़ा है— गांव-गांव, गली-गली में फल-फूल रहा अवैध पैथोलॉजी कारोबार। यह खेल स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में इस कदर बढ़ चुका है कि अब रोगियों की जेब और जिंदगी, दोनों ठेके पर बिक रही हैं।

#### झुग्गियों से लेकर बाजार तक डॉक्टर

मानपुर ब्लॉक के ताला (बांधवगढ़) मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप डॉक्टरों और फर्जी पैथोलॉजी लैबों का जाल बिछा हुआ है। कहीं झोपड़ी में डॉक्टर का बोर्ड टंगा है, तो कहीं किराए की दुकान में एक्स-रे और ब्लड टेस्ट का झंडा लहरा रहा है। ये लैबें बिना पंजीयन, बिना तकनीकी योग्यता और बिना अनुमोदन के संचालित हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, मगर कार्रवाई के नाम पर फाइलें वर्षों से धूल फांक रही हैं। ताला बस स्टैंड के आगे पेट्रोल पंप के पास संचालित प्रतिमा पैथोलॉजी लैब इसका ताजा उदाहरण है। जानकारी के अनुसार, लैब का संचालन रामबहादुर यादव नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, जो स्वयं न तो मेडिकल क्षेत्र से जुड़ा है, न ही उसके पास कोई मान्य तकनीकी डिग्री है। फिर भी वह खुलेआम रक्त जांच और अन्य मेडिकल टेस्ट कर रहा है। आश्चर्य यह कि उसके खिलाफ न तो स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की, न ही जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किया।

#### डॉक्टरों और लैब संचालकों की मिलीभगत

स्थानीय लोगों के अनुसार मानपुर और ताला क्षेत्र में अधिकांश निजी चिकित्सक इन्हीं अवैध लैबों से सांठ-गांठ कर मरीजों को जांच कराने के लिए मजबूर करते हैं। चाहे बीमारी मामूली हो या गंभीर, हर केस में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट और एक्स-रे अनिवार्य बना दिया गया है। जांच की रिपोर्ट कैसी है, यह न मरीज जानता है, न डॉक्टर को परवाह। उद्देश्य सिर्फ कमीशन और कारोबार है। गरीब और ग्रामीण मरीज लाचार हैं, ना इलाज छोड़ सकते हैं, ना धोखाधड़ी से बच सकते हैं। एक स्थानीय ग्रामीण ने बताया यहां डॉक्टर जांच लिख देता है और जांच करने वाला खुद डॉक्टर बन बैठा है। रिपोर्ट गलत आए या सही, मरीज को तो दवा लेनी ही पड़ती है।

#### किराए पर चल रही हैं डिग्रियां

कई फर्जी पैथोलॉजी संचालक किराए पर डिग्री लेकर लैब चला रहे हैं। यानी, किसी पंजीकृत डॉक्टर की डिग्री का नाम बोर्ड पर चस्पा कर दिया जाता है और संचालन कोई गैर-तकनीकी व्यक्ति करता है। इससे भी बड़ी सच्चाई यह है कि एक ही डॉक्टर की डिग्री का उपयोग जिले में कई लैबों में किया जा रहा है। यह न केवल मेडिकल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सीधे-सीधे कानून का मज़ाक उड़ाना है। सुप्रीम कोर्ट और इंडियन मेडिकल काउंसिल के स्पष्ट निर्देश हैं कि पैथोलॉजी लैब केवल एमडी पैथोलॉजिस्ट ही संचालित कर सकता है। इसके बावजूद बी.फार्मा, बीएससी, यहां तक कि नर्सिंग या गाइनोकॉलॉजी पृष्ठभूमि वाले लोग धड़ल्ले से लैब चला रहे हैं।

#### मरीजों पर बढ़ रहा आर्थिक और मानसिक दबाव

ग्रामीण इलाकों में जहां चिकित्सा सुविधा पहले से सीमित है, वहां अवैध पैथोलॉजी के कारण आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। 200-300 रुपये के एक सामान्य ब्लड टेस्ट के नाम पर मरीजों से 800 से 1000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। रिपोर्ट देर से मिलती है, गलत आती है और इलाज का असर उलटा पड़ता है। इसका परिणाम यह होता है कि मरीज का रोग बढ़ जाता है और वह दोबारा इन्हीं ठगों के जाल में फंस जाता है।

#### नियम किताबों में, अमल फाइलों में गुम

मध्यप्रदेश शासन के नियमों के तहत, यदि कोई लैब बिना अनुमति संचालित होती पाई जाती है तो उस पर एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और लाइसेंस तुरंत निरस्त होना चाहिए, लेकिन जिले में स्थिति उलट है, जिन्हें कार्रवाई करनी थी, वे मीटिंग और निरीक्षण के बहाने फोन तक उठाना उचित नहीं समझते। जब इस विषय पर विकासखंड अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो किसी ने जवाब देना मुनासिब नहीं समझा। किसी ने कहा मीटिंग में हूं, किसी ने फोन ही बंद कर लिया। सवाल यह है कि आखिर किस डर या स्वार्थ के कारण स्वास्थ्य विभाग इन फर्जी लैबों पर आंख मूंदे बैठा है?

#### विभागीय चुप्पी बन रही सहअपराध

स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता ने पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया है। विभागीय अधिकारी अगर चाहें तो एक दिन की छापामार कार्रवाई से पूरे जिले की अवैध पैथोलॉजी पर ताला जड़ सकते हैं, लेकिन सवाल यही है कि क्या वे ऐसा करेंगे? या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा जब तक किसी की जान न चली जाए? जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मानपुर और ताला क्षेत्र में संचालित सभी निजी पैथोलॉजी लैबों की तत्काल जांच कराई जाए और जिनके पास मान्यता प्राप्त डिग्री या लाइसेंस नहीं हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें बंद कराया जाए।

#### आखिर कौन लेगा जिम्मेदारी?

मानपुर में स्वास्थ्य व्यवस्था अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां मरीज इलाज नहीं, बल्कि जोखिम खरीद रहा है। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध है। सरकार और विभाग अगर अब भी नहीं जागे, तो आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवा के नाम पर व्यवसाय ही नहीं, मौत का कारोबार भी आम बात बन जाएगा।

---





## विद्यार्थियों के खाते में तीन करोड़ से अधिक की राशि हुई अंतरित

**उमरिया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से समेकित छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदेशभर के 52 लाख से अधिक पात्र विद्यार्थियों के खातों में 300 करोड़ छात्रवृत्ति की राशि अंतरित की। जिले से कुल 58,236 विद्यार्थियों को तीन करोड़ सात लाख पैंतालीस हजार छह सौ रुपये की छात्रवृत्ति राशि सीधे उनके खातों में अंतरित हुई। कार्यक्रम का प्रसारण सांदिपनी मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह,जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले की समस्त स्कूलो में कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा एवं सुना गया ।

---

### ठेका कंपनियों की मनमानी के खिलाफ ड्राइवर महासंघ का बिगुल

## 4 नवंबर से दो दिवसीय जन आंदोलन

#### वेतन और भत्ते को लेकर गुस्सा उबाल पर

**उमरिया।**

जिले की कंचन खुली खदान में अब ठेका कंपनियों की मनमानी के खिलाफ बड़ा श्रमिक आंदोलन खड़ा होने जा रहा है। वर्षों से शोषण झेल रहे ड्राइवरों ने इस बार आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मध्यप्रदेश ड्राइवर महासंघ ने 4 से 5 नवंबर तक खदान परिसर में व्यापक जन आंदोलन की घोषणा की है। चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी 16 सूत्रीय मांगों पर तत्काल अमल नहीं किया गया, तो खदान की मशीनें और ट्रक सब बंद हो जाएंगे। महासंघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार रजक ने कहा अब नहीं चलेगी ठेकेदारों की तानाशाही। हमारा हक हमें लेकर ही रहेंगे। उन्होंने बताया कि आंदोलन की जानकारी प्रशासन और पुलिस को दे दी गई है। यदि ड्राइवरों के अधिकारों को लेकर ठोस निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन प्रदेशव्यापी हड़ताल का रूप लेगा।

#### ठेका कंपनियों पर शोषण के आरोप

महासंघ के पदाधिकारियों ने बघेल कंपनी, साई कंपनी और एलसीसी कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन ठेकेदार एजेंसियों ने मजदूरों को गुलाम बना रखा है। समय पर वेतन नहीं दिया जाता, ओवरटाइम की राशि महीनों तक रोकी जाती है और काम के दौरान सुरक्षा उपकरणों तक की व्यवस्था नहीं की जाती। ड्राइवरों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन के अधिकारी शिकायतों पर आंखें मूंदे बैठे हैं और प्रशासन भी मौन दर्शक बना हुआ है। एक कार्यकारी सदस्य ने कहा कि हम कोयला ढोते हैं, खदान की जान हम हैं, लेकिन हमें इंसान नहीं, मशीन समझा जाता है। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद ठेकेदारों की मनमानी पर किसी ने अंकुश नहीं लगाया।

#### 16 सूत्रीय मांगों पर अड़ा महासंघ

महासंघ की प्रमुख मांगों में समय पर वेतन, बकाया ओवरटाइम का भुगतान, सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता, बीमा और चिकित्सकीय सुविधा, अनुबंधित कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति, अवैध छंटनी पर रोक और त्योहार भत्ता शामिल हैं। महासंघ ने साफ कहा है कि अब आश्वासन नहीं, आदेश चाहिए।

#### उत्पादन पर संकट के बादल

कंचन खुली खदान से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से कोयला ढुलाई होती है। यदि आंदोलन शुरू हुआ तो परिवहन रुकने से उत्पादन और आपूर्ति दोनों पर असर पडन्ना तय है। इससे न केवल खदान बल्कि संबंधित उद्योगों के संचालन पर भी संकट मंडरा सकता है।

#### प्रबंधन और प्रशासन की चुप्पी

खदान प्रबंधन और ठेका कंपनियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि प्रशासन अंदरखाने आंदोलन टालने की कोशिश में जुटा है। मगर ड्राइवर महासंघ ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना लिखित समझौते के पीछे हटना संभव नहीं। राजकुमार रजक ने कहा हमारी मेहनत से कोयला निकलता है, बिजली बनती है और उद्योग चलते हैं। लेकिन जब उसी ड्राइवर को सम्मान और अधिकार नहीं मिलते, तो संघर्ष अनिवार्य हो जाता है। यह लड़ाई सिर्फ वेतन की नहीं, बल्कि मजदूर के स्वाभिमान की है। कंचन खदान में शुरू होने वाला यह आंदोलन जिले में श्रमिक असंतोष की सबसे बड़ी दस्तक माना जा रहा है। आने वाले दिनों में यह संघर्ष पूरे प्रदेश में मजदूर वर्ग की आवाज को नया रुख दे सकता है।

---

## देव उठनी एकादशी पर अमरकंटक में दीपोत्सव पर्व एवं मां नर्मदा महाआरती का भव्य आयोजन

### रामघाट में प्रज्वलित होंगे 51 हजार दीप, प्रशासन ने की सभी तैयारियाँ

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक/अनूपपुर।**



मां नर्मदा की पवित्र उद्गम स्थली अमरकंटक में इस वर्ष देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर दीपोत्सव पर्व एवं मां नर्मदा महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 01 नवम्बर 2025, शनिवार को सायं 6 बजे से रामघाट परिसर में संपन्न होगा। इस दौरान 51 हजार दीप प्रज्वलित कर सम्पूर्ण घाट क्षेत्र को दीपमालाओं से आलोकित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा जिला प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से किया जा रहा है। यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय समरसता का प्रतीक होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी एवं पर्यटक सम्मिलित होंगे।

#### कलेक्टर ने तय की विभागवार जिम्मेदारियां

कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने संबंधित विभागों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी को नोडल अधिकारी तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने प्रकाश व्यवस्था, सफाई, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सहायता, मीडिया प्रबंधन एवं आपातकालीन सेवाओं के सुचारू संचालन हेतु विभागवार जिम्मेदारी तय की है।

#### अमरकंटक में भक्तिमय वातावरण की तैयारी

देव उठनी एकादशी भगवान विष्णु के शयन से जागरण का प्रतीक पर्व है। इसी दिन से विवाह एवं मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होता है। इस अवसर पर घाटों की विशेष सजावट, पुष्प एवं रंगोली अलंकरण के साथ मां नर्मदा की महाआरती संपन्न होगी। आरती के समय एक साथ 51 हजार दीप प्रज्वलित कर "नदी को जनों" का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी समूहों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में "एक दीप मां नर्मदा के नाम" अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत श्रद्धालुओं को नर्मदा तट पर दीप जलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

#### सुरक्षा एवं यातायात के विशेष प्रबंध

कलेक्टर ने पुलिस एवं यातायात विभाग को भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और वाहनों की पार्किंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें एम्बुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के साथ तैनात रहेंगी। नगर परिषद अमरकंटक द्वारा संपूर्ण रामघाट क्षेत्र में सफाई, सजावट और प्रकाश की विशेष व्यवस्था की जा रही है। दीपोत्सव पर्व के अवसर पर मनीष अग्रवाल (जबलपुर) द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विक्रम संवत 2082, कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी, शतभिषा नक्षत्र, शनिवार को किया जा रहा है।

#### समन्वय बैठक का आयोजन

लोक निर्माण विभाग उच्च विश्रामगृह सभा गृह में कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, अमरकंटक संत मंडल अध्यक्ष रामभूषण दास, कल्याण सेवा आश्रम के जगदीशानंद महाराज, धारकुंडी आश्रम के लवलीन महाराज, नगर परिषद उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, रोशन पनारिया, बबीता सिंह, रामगोपाल द्विवेदी, सीएमओ चैन सिंह परस्ते, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यगण, नर्मदा मंदिर पुजारी, पुलिस थाना प्रभारी ईश्वर यादव तथा पत्रकारगण उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी उपस्थितजनों से आयोजन के संबंध में सुझाव एवं मार्गदर्शन आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हेतु मीडिया से सहयोग का आग्रह किया, ताकि अधिक संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक एवं तीर्थयात्री इस पवित्र आयोजन में सम्मिलित हो सकें।

---



## धूमधाम से मनाया गया आंवला नवमीं का पर्व

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को आंवला नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा अर्चना की और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। जिला मुख्यालय सहित कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर भालूमाड़ा जमुना बदरा कालरी राजेंद्रग्राम अमरकंटक जैतहरी वेंकटनगर चचाई अमलाई बरगवां देवहरा में गुरुवार को महिलाओं ने मंदिरों में दर्शन किये और परिक्रमा की। इसके बाद आंवले के पेड़ की पूजा अर्चना कर कहानी सुनी और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। कोतमा में गुरुवार को आंवला नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ये त्योहार दीपावली के नौवें दिन मनाया जाता है। महिलाएं आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर सपरिवार भोजन की। भोजन से पहले विधि विधान से आंवले के पेड़ की पूजा और परिक्रमा की। नगर के ठाकुर बाबाधाम पंचायती मंदिर बूढी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर गोहंड्रा काली मंदिर लहसुई कैंप गोबिंदा कालोनी गोविंदा गांव मे आंवले के पेड़ नीचे गुरुवार को सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी हुई थी और आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा और इसके नीचे भोजन करने की परंपरा का आयोजन किया गया। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने आईं रास्ते में भगवान विष्णु एवं शिव की पूजा एक साथ करने की उनकी इच्छा हुई। लक्ष्मी मां ने विचार किया कि एक साथ विष्णु और शिव की पूजा कैसे हो सकती है। तभी उन्हें ख्याल आया कि तुलसी और बेल के गुण एक साथ आंवले में पाए जाते हैं। तुलसी श्री हरि विष्णु को अत्यंत प्रिय है और बेल भगवान भोलेनाथ को, इसलिए आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक चिह्न मानकर मां लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष की पूजा संपन्न की थी। गुरुवार के दिन महिलाएं आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर सपरिवार भोजन करने के पहले विधिवत तरीके से आंवले के पेड़ की पूजा और उसकी परिक्रमा की।

## खबर संक्षेप



### पदारोहण प्रथम महाकुंभ कुण्डलपुर में आयोजित

**कटनी।** संत शिरोमणी आचार्य गुरूवर 108 समाधिस्थ विद्यासागर महाराज के अज्ञानुवर्ती परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज के आर्शीवाद एवं प्रेरणा से श्री 1008 चन्द्रप्रभु दिग.जैन सिंघई मंदिर में अष्टानिका महापर्व के अवसर पर श्री 1008 नंदीश्वर महामण्डल विधान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी समाजसेवी प्रमोद जैन-कक्का ने देते हुये बतलाया कि कार्यक्रम का समापन रथोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ के साथ सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भक्तगणों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ ध्वजारोहण बैगलोर से पधारी श्रीमती यामनी जैन, गौरव जैन के द्वारा किया गया इस अवसर पर भारी संख्या में धर्मानुरागी बन्धु एवं माताओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ लिया।

### ई-केवाईसी केंद्र पर की गई बैठक व्यवस्था



**कटनी।** नगर निगम कार्यालय में ई-केवाईसी कराने हेतु आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा विशेष बैठक व्यवस्था की गई है। नागरिकों को लंबा इंतजार न करना पड़े, इसके लिए प्रतीक्षालय में कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ई-केवाईसी प्रक्रिया के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, नागरिकों से शालीनता पूर्वक बात कर उन्हें उचित मार्गदर्शन के साथ ही आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करें। इस व्यवस्था से नागरिकों को गर्मी एवं भीड़भाड़ में राहत मिली है तथा ई-केवाईसी कार्य सुचारू रूप से हो रहा है।

### एकता दिवस पर थाना स्तर पर होगी एकता दौड़

**कटनी।** राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने हेतु सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर 31 अक्टूबर को प्रदेश के सभी पुलिस थाना स्तर पर प्रातः 8 बजे से ₹एकता दौड़₹ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया है। जिले में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा होंगे। इस दौड़ में युवा, खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सृजन समूह की बालिकाए, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी एवं विसबल वाहिनियों के पुलिस कर्मी भाग लेंगे। दौड़ का रूट लगभग 3 किलोमीटर रखा जायेगा तथा तय किये गये रूट पर प्रतिभागियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जायेगस और रूट को नो व्हीकल जोन घोषित किया जायेगा। साथ ही पीने के पानी, ग्लूकोज, फर्स्ट एड बॉक्स सहित एम्बूलेंस की व्यवस्था भी की जायेगी।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना हैं। इसके लिए नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या मे निराकरण हेतु कार्यवाही करने संबंधित विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित करने के निर्देश दिये गए हैं।

## रावण तो जला नहीं, पर गंदगी ने फैलाई दुर्गंध

# अमलाई स्टेडियम दशहरा के बाद कूड़ाघर बना

दशहरा पर रावण दहन के बाद अमलाई स्टेडियम की हालत देखकर लगता है जैसे किसी ने जिम्मेदारी का रावण जलाना ही भूल गया हो। लाखों रुपये की आतिशबाजी और चमक-दमक के बाद अब मैदान में गंदगी और अधजले ढांचे का अम्बार पड़ा है।





अमलाई।

जहां कभी खेलकूद की गूंज सुनाई देती थी, वहां अब कचरे और राख की बदबू फैल रही है।खेल प्रेमियों की मुश्किल बढ़ीअमलाई का यह स्टेडियम पूरे क्षेत्र का प्रमुख खेल मैदान है। दशहरा कार्यक्रम के बाद से ही यहां बच्चों और युवाओं को खेलने में परेशानी हो रही है। मैदान में जगह-जगह आतिशबाजी के अवशेष और रावण के ढांचे के बचे हिस्से पड़े हैं। न तो सफाई की गई और न ही ढांचा हटाया गया।नगर परिषद के दावे बेअसरनगर परिषद बरगवां अमलाई के जिम्मेदार अधिकारी और पार्षद सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार सजगता के दावे करते हैं, परंतु हकीकत मैदान में बिखरी गंदगी खुद बयां कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि समाजसेवियों ने तो गलियों और सड़कों की सफाई कराई, मगर स्टेडियम की सफाई को लेकर कोई आगे नहीं आया।परंपरा पर राजनीति भारीलोगों का कहना है कि दशहरा जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व को भी अब दिखावे और राजनीति ने घेर लिया है। रावण तो अधूरा रह गया, पर परंपरा और स्वच्छता दोनों की बलि चढ़ गई। नागरिकों ने जताई नाराजगीनिवासियों ने नगर परिषद से तत्काल स्टेडियम की सफाई और रावण के ढांचे को हटाने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों के बाद साफ-सफाई की जिम्मेदारी तय की जाए ताकि जनता और खिलाड़ियों को असुविधा न हो।

# समस्याओं से घिरा ग्राम सरसी का बोडरा मोहल्ला









ब्यौहारी।

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसी के बोडरा एवं मोहल्लों में सड़क एवं बिजली नहीं है उप स्वास्थ्य केंद्र का कभी ताला नहीं खुलता कांग्रेस नेता बसंत साहू ने बताया कि ग्राम मोहल्ले में ना तो सड़क है बिजली नहीं रहती बिजली के तार खुले हुए हैं और मौत का आमंत्रण दे रहे हैं उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला नहीं खुलता जो धीरे-धीरे खंडहर होता जा रहा है यह ग्राम कई समस्याओं से घिरा है इन समस्याओ की सुध लेने वाला कोई नहीं ग्राम वासियों का कहना है कि हमने कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से भी लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ ग्राम वासियों ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है



## खाटू श्याम के भक्तों ने निकाली भव्य निशान यात्रा

**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत खाटू श्याम के भक्तों द्वारा भव्य निशान यात्रा निकल गई कार्यक्रम में सुल्तानपुर के कलाकारों की टीम एवं महाकाल सनातनी भक्तों द्वारा भव्य झांकी निकाली गई भी शामिल हुई जिसमें नंदी मां कालिका भगवान भोलेनाथ एवं शिव पार्वती की झांकियां भी शामिल हुई पूरा नगर खाटू श्याम भक्तिमय हो गया निशान यात्रा देवी मंदिर बस स्टैंड से शुरू होकर चुंगी नाका लक्ष्मी नारायण पहुंची इसके बाद 7:00 बजे भजन शुरू हुआ कार्यक्रम के आयोजन सभी खाटू श्याम के भक्तजन रहे निशान यात्रा में 500 खाटू श्याम भक्त शामिल हुए।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय शहडोल के सहयोग से सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलगुरू प्रो रामशंकर के अनुमति से दोनों परिसर में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नवलपुर में भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रवीण शर्मा के निर्देशन में डॉ.प्रीति पाण्डे एवं अनुराग पाण्डेय ने संयोजन किया। प्रभारी डॉ.गीता सराफ , विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो सुनीता बाथरे, प्रतियोगिता का संयोजन डॉ.मुनीश नेगी ने किया।



यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए दो विषय निर्धारित किए गए थे, भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में नागरिकों का योगदान, साइबर अपराध के संदर्भ में सतर्कता का महत्व छात्र-छात्राओं ने दोनों विषयों पर अपने विचार प्रभावी रूप से व्यक्त किए। निबंध अधिकतम 500 शब्दों की सीमा में लिखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में नागरिक जिम्मेदारी, नैतिकता और डिजिटल युग में सतर्कता की भूमिका पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अजय पटेल ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। डॉ.सौरभ शिवा ने आभार व्यक्त किया। निबंध मूल्यांकन हेतु डॉ.दिलीप कुमार तिवारी ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप मिश्रा द्वारा किया गया, जबकि सुश्री पुष्पा साहू और दीपेश पारस ने आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। भूगोल विभाग के संकायजनों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में न केवल लेखन कौशल को निखारती हैं, बल्कि सामाजिक एवं प्रशासनिक नैतिकता की समझ को भी सुदृढ़ करती हैं।चयनित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।

# तम्बाकू निषेध हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

उमरिया।

तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के अंतर्गत तम्बाकू निषेध हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण का आयोजन सेन्ट्रल एकेडमी इंगलिश मीडियम स्कूल बडेरी उमरिया में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप सिंह जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, उमरिया द्वारा प्रस्तुतीकरण में तम्बाकू के वैश्विक दुष्प्रभाव व उससे उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओ एवं उनसे बचने के उपाय बताये गये । तम्बाकू नियंत्रण कानून कोटपा एक्ट 2003 की सभी धाराओ के विषय में विद्यार्थियो एवं स्कूल स्टाफ को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के पश्चात जिला



नोडल अधिकारी डॉ0 संदीप सिंह के द्वारा स्कूल की प्राचार्या सोनिया मिश्रा एवं स्कूल के एकेडमिक कोर्डिनेटर समीर बनर्जी एवं अन्य शिक्षको के साथ बैठकर स्कूल को तत्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु कार्ययोजना बनाई गई। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सोनिया मिश्रा, एकेडमिक कोर्डिनेटर समीर बनर्जी अन्य शिक्षक स्कूल स्टाफ कक्षा 11 वीं, 12 वीं के छात्र/छात्राये एवं स्वास्थ्य विभाग से अनिल कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न हितग्राहियों की कराएं ई -केवायसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶

स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम राकेश चौरसिया ने मंगलवार को जनपद पंचायत के सभागार में विकासखंड क्षेत्र की सभी 79 दुकानों में पदस्थ समिति प्रबंधक तथा विक्रेताओं की बैठक लेकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य करने के निर्देश दिए।उन्होंने समिति प्रबंधक तथा विक्रेताओं को स्पष्ट रूप से सख्त निर्देश दिए हैं कम से कम 95 प्रतिशत ई-केवाईसी करना हर हाल में 31 अक्टूबर 2025 तक सुनिश्चित किया जाए।जिन दुकानों के प्रबंधकों तथा विक्रेताओं द्वारा तय समय सीमा पर कार्य नहीं किया गया तो उन पर सख्त कार्यवाही करते हुए उन दुकानों से पृथक करने की कार्यवाही भी की जाएगी।साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि त्यौहार पर घर आए सदस्यों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी राशन मशीन से कराएं तथा बच्चों को पालकों के आधार कार्ड से अपडेट कराने हेतु प्रसार करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।साथ ही जिन दुकानों पर 95 प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य कर लिया गया है उन दुकानों में पदस्थ प्रबंधक तथा विक्रेताओं की प्रशंसा करते हुए उनके कार्यों सराहा। विकासखण्ड क्षेत्र की जिन दुकानों में शत प्रतिशत ई-केवाईसी कर ली गई है उनमें पड़वार, पहरुआ ,खमतरा, बाकल, पटना,तेवरी, हथियागढ, भेड़ा शामिल हैं।बताया गया है कि विकासखण्ड क्षेत्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 92.48% ई-केवाईसी का कार्य सम्पन्न हो गया है।इस दौरान नायब तहसीलदार आकाश दीप नामदेव सहित विकासखण्ड क्षेत्र की सभी राशन दुकानों में पदस्थ प्रबंधक तथा विक्रेताओं की उपस्थिति रही है।

# आंवला नवमीं पर राम जानकी मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

अक्षय तृतीया एवं आंवला नवमी के पावन अवसर पर कोयलांचल नगरी जमुना कॉलोनी स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में भक्तों ने बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर आवला वृक्ष के नीचे भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु सम्मिलित हुए। आयोजन के प्रमुख भक्त जितेन्द्र मिश्रा संचालक स्पेशल ब्लास्ट कंपनी जमुना कोतमा क्षेत्र निवासी जमुना कॉलोनी द्वारा विशेष रूप से आवला के पेड़ तले भोजन तैयार कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पोद्दार कंपनी की भजन मंडली ने भक्ति संगीत की शानदार प्रस्तुति दी और महिलाओं ने भी भक्ति गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्तजनों में कुशल पोद्दार, सचिन



जयसवाल, अशोक पोद्दार, अशोक बाल्दी, बैंकु बिहारी, विनोद तिवारी, नरेन्द्र अवस्थी, दिप्रेश कुमार मिश्रा, समरथ झा, आदिवासी मन्दिर परिवार, सुनील सिंह, कमला मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे दिन मंदिर परिसर में रामायण पाठ, संकीर्तन और भक्ति गीतों की गूंज बनी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

# बेमौसम बारिश से किसानों के अरमानों पर फिरा पानी, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मौसम के करवट बदलते ही जिले भर में कहीं मध्यम तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अन्नदाता संकट के दौर से गुजर रहे हैं। विगत तीन दिनों से मौसम बदलाव चल रहा है। बुधवार को सुबह ही आसमान पर बादल छाए रहे ओर शाम को झमाझम बारिश होने लगी। स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मै लगभग आधे घंटे झमाझम बारिश हुई।

तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में आधे घंटे तक हल्की बारिश का दौर चला। बारिश से



किसानों के खेतों में पककर तैयार हल्की धान की खड़ी फसल खेतों में बिछने के नजारे दिखाई दिए। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश से किसानों की करीब 20 से 30 प्रतिशत फसलों का नुकसान होने का अनुमान है। बारिश होने से खेत की खड़ी फसल के दाने काले पडने और गुणवत्ता प्रभावित होने का अनुमान है।पहले से ही धान की उपज मै रोगों के प्रकोप से उत्पादन कम गया है वही अब बारिश किसानों की कमर तोड़ रखी है। किसानों के अनुसार बारिश से खड़ी और कटी दोनों फसल को नुकसान हुआ है। दाने काले पड़ जाते हैं और एफएक्यू मापदंड में नहीं आने से उन्हें फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पाता है।अचानक बदल रहा मौसम-किसानों का कहना है कि महीने भर का वक्त गुजर रहा है, मौसम पूरी तरह से साफ नहीं हो पाया है। खेतों में पककर तैयार हल्की प्रजाति की धान फसल की कटाई फिलहाल किसानों ने शुरू कर दी है। लेकिन बुधवार से मौसम को देखते हुए एक बार फिर कटाई का काम रूक गया है।बहोरीबंद विकासखंड में इस वर्ष खरीफ सीजन का रकबा 28 हजार हैक्टेयर है, जिसमें 25 हजार हैक्टेयर मै धान की फसल लगाई गई है।समूचे विकासखंड मै अभी तक मात्र 20 फीसदी फसल की ही कटाई हुई है, शेष 80 फीसदी फसल खेतों मै अधपकी व पकी ख़डी हुई है! बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी। बुधवार को खेतों मै हार्वेस्टर से कटाई का कार्य चला, लेकिन शाम होते ही बारिश होने से हार्वेस्टर मशीने खेतों से बाहर आ गईं ओर किसान धान की उपज को सुरक्षित बचाने का काम करते दिखे।

